सत्यमेव जयते

# लेखे एक नज़र में
## 2005–06

महालेखा नियंत्रक
व्यय विभाग
वित्त मंत्रालय

## लेखे एक नज़र में
## 2005-06

# विषय सूची


भूमिका ........ 3

विहंगावलोकन ........ 4

महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां ........ 9

वित्तीय विवरण ........ 14

प्राप्तियां ........ 17

व्यय ........ 21

ऋण और अन्य देयताएं ........ 26

विनियोग लेखे ........ 32

परिशिष्ट ........ 35

1. दस वर्षीय सारांश
2. करेतर राजस्वों का विवरण
3. वाणिज्यिक प्राप्तियों का विवरण
4. योजनेतर व्यय का विवरण
5. आर्थिक सहायताओं का विवरण
6. मंत्रालयों/विभागों का व्यय
7. 100 करोड़ रुपए अथवा इससे अधिक के अनुदान/विनियोग
8. आंतरिक ऋण की परिपक्वता का ब्योरा

# लेखे एक नज़र में
## 2005-06
### भूमिका

संविधान के अनुच्छेद 150 में "नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक के परामर्श पर राष्ट्रपति जिस रूप में निर्धारित करें" सरकार के लेखों का रख-रखाव करने का प्रावधान किया गया है। लेखों के स्वरूप और अंशों के निर्धारण संबंधी कार्यकारी शक्तियां कार्य का आवंटन नियमावली के अधीन महालेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय को प्रत्यायोजित की गई हैं। महालेखा नियंत्रक को संघ सरकार के वित्त लेखे और विनियोग लेखे (सिविल) तैयार करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

वित्त लेखों में सिविल मंत्रालयों, रक्षा, डाक और रेलवे के लेनदेनों को शामिल करके संघ सरकार के समग्र लेखे शामिल होते हैं। इनमें भारत की समेकित निधि, लोक लेखों, लोक ऋण लेखों, अन्य देयताओं और लेखों में यथा अभिलिखित परिसम्पत्तियों से होने वाली प्राप्तियों और निर्गमों के लेखों सहित संघ सरकार के वार्षिक वित्तीय विवरण शामिल होते हैं।

संविधान के अनुच्छेद 114 में निर्धारित किया गया है कि "भारत की समेकित निधि से इस अनुच्छेद के प्रावधानों के अनुसार पारित विधि द्वारा किए गए विनियोग के अधीन राशि को छोड़कर कोई धनराशि आहरित नहीं की जाएगी"। विनियोग लेखे संसद द्वारा विभिन्न मांगों के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए विनियोगों का सरकारी विभागों द्वारा अनुपालन दर्शाने के लिए तैयार किए जाते हैं। मूल मांग और अंतिम विनियोग और वास्तविक व्यय के बीच महत्वपूर्ण अंतर (अधिक व्यय और बचत दोनों) के लिए स्पष्टीकरण दिया जाता है।

वर्ष 2005-06 के दौरान, 5 विनियोगों और 100 अनुदानों के अंतर्गत संसद द्वारा निधियां उपलब्ध कराई गई थीं (नीचे दी गई सारणी के अनुसार)।

| | विनियोग | अनुदान |
|---|---|---|
| सिविल | 5 | 93 |
| रक्षा | - | 6 |
| डाक | - | 1 |
| **कुल** | **5** | **100** |

यह दस्तावेज वर्ष 2005-06 के वित्त लेखे और विनियोग लेखे (सिविल) जिनमें सरकार के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण समाविष्ट होते हैं, में दिए गए ब्योरेवार वित्तीय निष्पादन का सार उपलब्ध कराने के लिए तैयार किया गया है।

# विहंगावलोकन

## प्राप्ति, व्यय और घाटा*

वर्ष 2005-2006 के दौरान, कुल प्राप्तियां जिसमें उधार की राशियां शामिल हैं 600,508 करोड़ रुपए थीं। सकल कर प्राप्तियां 364,649 करोड़ रुपए थीं जिनमें से 94,385 करोड़ रुपए (25.9%) राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को उनके कर के भाग के रूप में अंतरित कर दिए गए थे। केन्द्र द्वारा रखा गया निवल कर राजस्व 270,264 करोड़ रुपए था। सरकार की कुल ऋणेतर प्राप्तियां (निवल अंतरण) 359,554 करोड़ रुपए थीं।

भारत की समेकित निधि से कुल सरकारी व्यय 506,123 करोड़ रुपए था। इसमें से, राजस्व व्यय 439,762 करोड़ रुपए (87%) और पूंजीगत व्यय 66,362 करोड़ रु.(13%) था। कुल व्यय में योजना व्यय का भाग 28% (140,638 करोड़ रु.) था, शेष 72%(365,485 करोड़ रु.) योजनेतर व्यय था।

**वित्तीय विशेषताएं 2005-2006**
**(करोड़ रुपए)**

| | विवरण | संशोधित अनुमान 2005-2006 | वास्तविक 2005-2006 | वास्तविक 2004-2005 | वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **राजस्व प्राप्तियां** | **348,474** | **347,462** | **306,013** | **14%** |
| 2. | कर राजस्व(केन्द्र को निवल) | 274,139 | 270,264 | 224,798 | 20% |
| 3. | करेतर राजस्व | 74,335 | 77,198 | 81,215 | -5% |
| **4.** | **पूंजीगत प्राप्तियां** | **14,056** | **12,226** | **66,467** | **-82%** |
| 5. | कर्जों की वसूलियां | 11,700 | 10,645 | 62,043 | -83% |
| 6. | अन्य प्राप्तियां | 2,356 | 1,581 | 4,424 | -64% |
| 7. | **कुल प्राप्तियां (1+4)** | **362,530** | **359,688** | **372,480** | **-3%** |
| 8. | **योजनेतर व्यय** | **364,914** | **365,485** | **365,390** | **0%** |
| 9. | राजस्व लेखे पर | 326,142 | 327,903 | 296,857 | 10% |
| 10. | ब्याज अदायगियां | 130,032 | 132,630 | 126,934 | 4% |
| 11. | पूंजीगत लेखे पर | 38,772 | 37,582 | 68,533 | -45% |
| 12. | **योजना व्यय** | **143,791** | **140,638** | **132,292** | **6%** |
| 13. | राजस्व लेखे पर | 114,153 | 111,858 | 87,494 | 28% |
| 14. | पूंजीगत लेखे पर | 29,638 | 28,780 | 44,798 | -36% |
| 15. | **कुल व्यय (8+12)** | **508,705** | **506,123** | **497,682** | **2%** |
| 16. | राजस्व व्यय (9+13) | 440,295 | 439,761 | 384,351 | 14% |
| 17. | पूंजीगत व्यय (11+14) | 68,410 | 66,362 | 113,331 | -41% |
| 18. | राजस्व घाटा (16-1) | 91,821 | 92,299 | 78,338 | 18% |
| 19. | **राजकोषीय घाटा [15-7]** | **146,175** | **146,435** | **125,202** | **17%** |
| 20. | प्राथमिक घाटा (19-10) | 16,143 | 13,805 | -1,732 | 905% |

*इस दस्तावेज में दर्शाए गए प्राप्तियों और व्यय के आंकड़े (वित्तीय विवरणों में दिए गए आंकड़ों को छोड़कर) बजट दस्तावेजों के अनुसार निवलित किए गए हैं।

पिछले दशक के दौरान, सरकार का सकल कर राजस्व 128,762 करोड़ रुपए [1996-97] से लगभग तीन गुना बढ़कर 364,649 करोड़ रु. [2005-06] हो गया है। सकल घरेलू उत्पाद के संदर्भ में, वर्ष 2005-06 के दौरान सकल कर राजस्व सकल घरेलू उत्पाद का 10.22% था जोकि वर्ष 2002-03 से लगातार बढ़ रहा है। तथापि, करेतर राजस्व जोकि वर्ष 2001-02 में सकल घरेलू उत्पाद के 3% के उच्च स्तर पर था उसमें गिरावट आकर वर्ष 2005-06 में 2.16% हो गया है।




राजस्व व्यय में पिछले वर्ष की अपेक्षा वृद्धि हुई है। वर्ष 2005-06 में, यह सकल घरेलू उत्पाद का 12.33% था जो कि पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा अधिक था। पूंजीगत व्यय वर्ष 2005-06 में सकल घरेलू उत्पाद का 1.86% था।

**भारत सरकार का व्यय**



केन्द्र की निवल प्राप्तियां कुल व्यय का केवल 71% पूरा करने के लिए पर्याप्त थीं और इस प्रकार इसमें 146,569 करोड़ रु. का घाटा रहा। वर्ष का राजस्व घाटा 92,299 करोड़ रुपए था। प्रारम्भिक घाटा 13,805 करोड़ रुपए था, यदि ब्याज अदायगियों को छोड़ दिया जाए । सकल घरेलू उत्पाद के संदर्भ में, राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.11% और राजस्व घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 2.59% था।




## घाटे के वित्तपोषण के स्रोत

146,435 करोड़ रुपए के घाटे को मुख्य रूप से 113,192 करोड़ रुपए के आंतरिक ऋण से वित्तपोषित किया गया और बाह्य ऋण 33,365 करोड़ रुपए था।

**घाटे का वित्तपोषण**
**(करोड़ रुपए)**

| विवरण | 2005-06 | | 2004-05 | |
|---|---|---|---|---|
| आंतरिक ऋण | 113,192 | 77% | 166,178 | 133% |
| बाजार कर्ज | 103,374 | 70% | 51,031 | 41% |
| खजाना बिल | 27,600 | 19% | 8,523 | 7% |
| प्रतिपूर्ति और अन्य बांड | 6,338 | 4% | 18,077 | 14% |
| अन्य | (-)24,120 | (-)16% | 88,547 | 71% |
| परिक्रामी निधि सहित बाह्य ऋण* | 33,365 | 23% | 14,753 | 12% |
| रोकड़ आहरण द्वारा कमी | 14,261 | 10% | -72,341 | -58% |
| लोक लेखा | (-)14,383 | (-)10% | 16,612 | 13% |
| **कुल वित्तपोषण** | **146,435** | **100%** | **125,202** | **100%** |

*इसमें विदेशी विनिमय दरों में परिवर्तन होने के कारण बट्टे खाते डाले गए 25,893 करोड़ रु. शामिल हैं। तदनुसार, बाह्य ऋण द्वारा घाटे का वास्तविक वित्तपोषण 7472 करोड़ रु. था।

## ऋण और अन्य देयताएं

वर्ष के दौरान, सरकार ने 1,262,363 करोड़ रुपए के नए ऋण का अनुबंध किया और पुराने ऋण के 1,115,210 करोड़ रुपए चुकाए। निवल परिणाम यह हुआ कि लोक ऋण में 147,153 करोड़ रुपए की वृद्धि हो गई। 31.3.2006 की स्थिति के अनुसार बकाया कुल ऋण 1,484,001 करोड़ रुपए था। वर्ष 2005-06 के अंत में ब्याज वाला कुल दायित्व 1,537,651 करोड़ रुपए था और कुल देयताएं 1,868,843 करोड़ रुपए थीं।

**ऋण और अन्य देयताओं में परिवर्तन**
**(करोड़ रुपए)**

| विवरण | 01-अप्रैल-05 | वृद्धियां | उन्मोचन | 31 मार्च-06 | वृद्धि/कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋण* | 1,336,848 | 1,262,363 | 1,115,210 | 1,484,001 | 147,153 |
| अल्प बचतें, भविष्य निधि आदि** | 263,048 | 291,276 | 278,944 | 275,380 | 12,332 |
| बिना ब्याज वाली अन्य देयताएं | 46,787 | 60,035 | 51,010 | 55,812 | 9,025 |
| ब्याज वाली अन्य देयताएं | 46,203 | 25,505 | 18,058 | 53,650 | 7,447 |
| **कुल ऋण और अन्य देयताएं** | **1,692,886** | **1,639,179** | **1,463,222** | **1,868,843** | **175,957** |

पिछले दस वर्षों में, लोक ऋण [वर्तमान मूल्य पर] जोकि वर्ष 1996-97 में 493,553 करोड़ रुपए था वह वर्ष 2005-06 में तीन गुना होकर 1,583,957 करोड़ रुपए हो गया। सकल घरेलू उत्पाद के रूप में, लोक ऋण [वर्तमान मूल्य पर] जोकि वर्ष 1996-97 में सकल घरेलू उत्पाद का 38.65% था वह बढ़कर वर्ष 2005-06 के अंत में सकल घरेलू उत्पाद का 44.40% हो गया। वर्ष 2005-06 के अंत में, आंतरिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद का 38.96% और बाह्य ऋण [वर्तमान मूल्य पर] सकल घरेलू उत्पाद का 5.44% था।

**भारत सरकार का ऋण और अन्य देयताएं**




*बाह्य ऋण (94,243 करोड़ रुपए)ऐतिहासिक मूल्य पर लिया गया है। यदि यह वर्तमान मूल्य (194,198 करोड़ रुपए) पर लिया जाता तो 31 मार्च, 2006 की स्थिति के अनुसार लोक ऋण की राशि 1,583,957 करोड़ रुपए होती।

**31-3-2006 की स्थिति के अनुसार अल्प बचतों, भविष्य निधि आदि से संबंधित केंद्र सरकार की कुल देयता 666,682 करोड़ रुपए है। इसमें से, 391,302 करोड़ रुपए का राज्य सरकार की विशेष प्रतिभूतियों में निवेश किया गया है और इस प्रकार इस लेखे में 275,380 करोड़ रुपए की निवल बकाया देयता रह गई है।

## निधियों के स्रोत और अनुप्रयोग

वर्ष 2005-06 के दौरान, सरकार ने 359,688 करोड़ रुपए (राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के अंतरण का निवल) का राजस्व एकत्रित किया और 1,261,767 करोड़ रुपए का ऋण लिया। भारत की समेकित निधि में प्राप्त की गई कुल निधियां, इस प्रकार, 1,621,455 करोड़ रुपए थीं। इसमें से, 1,115,210 करोड़ रुपए पिछले ऋण की पुनर्अदायगी करने के लिए उपयोग में लाए गए और 506,123 करोड़ रुपए सरकारों के चालू कार्यकलापों पर व्यय किए गए। इसके परिणामस्वरूप, भारत की समेकित निधि में 122 करोड़ रुपए की कमी हो गई जिसे सरकार ने नकद शेष से उधार लिया।

**निधियों के स्रोत और अनुप्रयोग**
**(करोड़ रुपए)**

| स्रोत | | | अनुप्रयोग | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2004-05 | | 2005-06 | 2004-05 |
| **राजस्व** | **359,554** | **372,480** | **व्यय** | **506,123** | **465,772** |
| कर | 270,264 | 224,798 | योजना | 140,638 | 132,292 |
| करेतर | 77,198 | 81,215 | योजनेतर | 365,485 | *333,480 |
| ऋणेतर पूंजी | 12,092 | 66,467 | *ब्याज अदायगी* | *132,631* | *126,934* |
| | | | | | |
| **अन्य स्रोत** | **1,261,645** | **649,561** | **अन्य अनुप्रयोग** | **1,115,210** | **556,269** |
| नया ऋण | 1,261,767 | 705,289 | ऋण की पुनर्अदायगी | 1,115,210 | 556,269 |
| *आंतरिक* | *1,221,404* | *683,435* | *आंतरिक* | *1,108,212* | *549,167* |
| *बाह्य* | *40,363* | *21,854* | *बाह्य* | *6,998* | *7,102* |
| रोकड़ आहरण द्वारा कमी | (-)14,261 | -72,341 | | | |
| लोक लेखे पर अधिशेष | (-)14,383 | 16,612 | | | |
| **जोड़** | **1,621,333** | 1,022,041 | जोड़ | **1,621,333** | **1,022,041** |

पिछले वर्ष की तुलना में, सरकार की प्राप्तियों में 3.4% की वृद्धि हुई। सकल कर प्राप्तियों में 20.2% की वृद्धि हुई। कर प्राप्तियों में 20% की वृद्धि हुई जबकि करेतर प्राप्तियों में 5% की कमी आई। सरकारी व्यय में 1.7% की वृद्धि हुई। अधिकांश वृद्धि राजस्व व्यय में हुई (14.4%)। पूंजीगत व्यय में पिछले वर्ष की अपेक्षा 41.5% की कमी हुई। ऐसा इस कारण से हुआ कि वर्ष के दौरान राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को प्रतिभूतियों की कोई पुनर्अदायगी नहीं की गई थी जोकि वर्ष 2003-04 और वर्ष 2004-05 में क्रमशः 46211 करोड़ रुपए और 32675 करोड़ रुपए थी। योजना व्यय में 6.3% की वृद्धि हुई और योजनेतर व्यय पिछले वर्ष के समान लगभग स्थिर रहा ।

*यहां दर्शाए गए वर्ष 2004-05 के योजनेतर व्यय में 1.4.1999 से पूर्व राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी की गई भारत सरकार की विशेष प्रतिभूतियों के मोचन पर व्यय किए गए 32,675 करोड़ रुपए शामिल नहीं है।

# महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां

## आंकड़े प्रदाता संगठन

इस पुस्तिका में जो वित्तीय विवरण और लेखे प्रस्तुत किए गए हैं वे भारत सरकार और अंडमान और निकोबार द्वीपसमूहों, चंडीगढ़, दादरा और नागर हवेली, दमन एवं दीव और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित हैं। अन्य सरकारी संगठनों जैसे राज्य सरकारों, अन्य संघ राज्य क्षेत्रों, सरकारी स्वामित्व वाले व्यावसायिक उद्यमों, स्वायत्तशासी निकायों आदि के लेखों को शामिल नहीं किया गया है।

लेखे अनुच्छेद 151(1) के अधीन सांविधानिक प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

## लेखों का स्वरूप और विषय-वस्तु

संविधान के अनुच्छेद 150 में "नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक के परामर्श पर राष्ट्रपति जिस रूप में निर्धारित करें" सरकार के लेखों का रख-रखाव करने का प्रावधान किया गया है। लेखों के स्वरूप और अंशों के निर्धारण संबंधी कार्यकारी शक्तियां कार्य का आवंटन नियमावली के अधीन महालेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय को प्रत्यायोजित की गई हैं। इन शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकारी लेखाकरण नियमावली, 1990 तैयार की गई है जिसमें सरकारी लेखाकरण के सामान्य सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं।

सरकारी वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन किस प्रकार किया जाना है उसका निर्धारण भी संविधान में किया गया है। अनुच्छेद 266 के प्रावधानों के अनुसार, सभी सरकारी राजस्वों जिनमें सरकार द्वारा लिए गए कर्ज और उधार दी गई राशियों से होने वाली आय शामिल है, को भारत की समेकित निधि में जमा किया जाता है और सरकार द्वारा प्राप्त की गई अन्य सभी धनराशियां लोक लेखे में जमा कर दी जाती हैं। सभी सरकारी व्यय भारत की समेकित निधि से पूरा किया जाता है।

अप्रत्याशित व्यय को पूरा करने के लिए जिसे प्राधिकृत करना संसद से लंबित रखा जाता है, सरकार के पास अग्रदाय के रूप में एक आकस्मिकता निधि रखी जाती है जिसमें 500 करोड़ रुपए की राशि जमा रहती है।

भारत की समेकित निधि में से धनराशियों का विनियोग अनुच्छेद 112 से 117 में समाविष्ट सांविधानिक प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

### लेखाकरण का रोकड़ आधार

सरकार के लेखे रोकड़ आधार पर रखे जाते हैं। राजस्वों और व्ययों को उस अवधि में मान्यता प्रदान की जाती है जिसमें वे वसूल अथवा अदा किए जाते हैं। इस अवधि के दौरान सरकार को देय या सरकार द्वारा देय राशियों को मान्यता प्रदान नहीं की जाती।

सरकारी लेखों में मुख्य रूप से निम्नलिखित को दर्ज किया जाता है:

(क) सरकारी रोकड़ शेष में और उसमें से होने वाले नकदी प्रवाह का रख-रखाव भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया जाता है,

(ख) सरकारी देयताओं (लोक ऋण और लोक लेखे पर लेनदेन) और वित्तीय परिसम्पत्तियों (कर्ज और अग्रिम) का विवरण, और

(ग) कुछ नकदीतर लेनदेन (समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखे के बीच अंत: निधि अंतरण, वस्तु के रूप में बाहरी सहायता, हानियों को बट्टे खाते डालना और पिछले कर्जों को अनुदान आदि में परिवर्तित करना)।

वित्तीय विवरण और लेखे पारंपरिक लागत की परंपरा के अनुसार रखे जाते हैं। बाह्य ऋण को ऋण का करार करने के समय लागू विनिमय दर पर दर्शाया गया है। इसी प्रकार से, सरकारी वित्तीय निवेशों (इक्विटियों और कर्जों) को उनके ऐतिहासिक मूल्यों पर दर्शाया जाता है। ऐसी परिसम्पत्तियों के मूल्य की हानि के लिए कोई प्रावधान नहीं किया जाता ।

लेखाकरण का आधार रोकड़ होता है अत: भौतिक परिसम्पत्तियों को मूल्यह्रासित अथवा परिशोधित नहीं किया जाता । भौतिक परिसम्पत्तियों के जीवन का अंत होने पर उनकी हानियों अथवा बट्टे खाते डाले जाने को भी मान्य अथवा व्ययित नहीं किया जाता।

यहां प्रस्तुत किए गए वित्तीय विवरणों में उन सरकारी कर्मचारियों के अधिवर्षिता लाभों से संबंधित सरकार की देयता शामिल नहीं है जो पेंशन की परिभाषित लाभ स्कीम के अंतर्गत आते हैं और उन्हें 'आपके जाने पर अदायगी' आधार पर अदायगी की जाती है।

## लेखाकरण अवधि

लेखों के लिए अप्रैल से मार्च का वार्षिक बजटीय चक्र अपनाया जाता है।

## मुद्रा

लेखे भारतीय रुपए में रखे जाते हैं। विदेशी मुद्रा लेनदेनों (प्राप्तियां और अदायगियां दोनों) को भी लागू परिवर्तन दरों पर भारतीय रुपयों में दर्ज किया जाता है।

## राजस्व और पूंजीगत प्राप्तियां/व्यय

राजस्व प्राप्तियों में, परिसम्पत्तियों की बिक्री से होने वाली प्राप्तियों को छोड़कर सभी कर और करेतर प्राप्तियों को शामिल किया जाता है।

राजस्व व्यय आवर्ती स्वरूप के व्यय होते हैं और उन्हें राजस्व प्राप्तियों से पूरा करने की अपेक्षा की जाती है। राज्य सरकारों और अन्य संगठनों को अंतरण अदायगियां जिनमें प्राप्तकर्ता द्वारा परिसम्पत्ति सृजन के लिए निर्धारित अंतरण अदायगियां भी शामिल हैं, को भी

राजस्व व्यय के रूप में माना जाता है।

पूंजीगत प्राप्तियों में मुख्य रूप से सरकारी परिसम्पत्तियों की बिक्री से हुई आय शामिल होती है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकारी इक्विटी के विनिवेश से हुई आय भी शामिल है।

पूंजीगत व्यय वे होते हैं जो सामग्री और स्थायी स्वरूप की ठोस परिसम्पत्तियों को बढ़ाने के उद्देश्य से किए जाते हैं। इनमें अचल परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण, मशीनरी और उपस्कर तथा सरकारी इक्विटी निवेशों पर किया गया व्यय शामिल होता है। सरकार के ऋण प्रचालन को भी पूंजीगत व्यय के रूप में माना जाता है।

## विनिमय दर में घट-बढ़

विदेशी कर्जों को पारंपरिक विनिमय दर अर्थात ऋण के करार के समय प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज किया जाता है। इस प्रकार के कर्जों की पुनर्अदायगियों को भी पुनर्अदायगी के समय प्रचलित विनिमय दरों पर दर्ज किया जाता है। विनिमय दर में घट-बढ़ के कारण बाह्य कर्जों पर हानि/लाभ को कर्ज की पूर्ण अदायगी के पश्चात "8680 – विविध सरकारी लेखे" को व्ययित किया जाता है।

## बाह्य सहायता

सहायता सामग्री, उपस्कर या अन्य आपूर्तियों के रूप में बाह्य सहायता को भी इस प्रकार की सहायता के मूल्य पर पहचान की जाती है और प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाता है। सरकारी विभागों द्वारा उपयोग के लिए ऐसी सामग्री के आवंटन अथवा अन्य संगठनों को सहायता अनुदान के रूप में संवितरण को राजस्व व्यय के रूप में दर्ज किया जाता है।

## लेखों की संरचना

सरकारी लेखे निम्नलिखित तीन भागों में रखे जाते हैं:-

## I. भारत की समेकित निधि

सरकार द्वारा आयकर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, भू-राजस्व (कर राजस्व) जैसे कराधान से प्राप्त होने वाले समस्त राजस्व और रेलवे, डाक, परिवहन आदि से प्राप्ति (करेतर राजस्व) जैसे सरकारी कार्यों से सरकार को होने वाली अन्य प्राप्तियों को समेकित निधि में जमा कर दिया जाता है। इसी प्रकार से, सरकार द्वारा सार्वजनिक अधिसूचना द्वारा जारी करके प्राप्त किए गए सभी कर्जों, खजाना बिलों (आंतरिक ऋण) और विदेशी सरकारों व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा संस्थाओं से प्राप्त कर्जों (बाह्य ऋण) तथा सरकार को कर्जों की पुनर्अदायगी और उस पर ब्याज के रूप में प्राप्त सभी प्रकार की धनराशियों को भी इस निधि में जमा कर दिया जाता है। आंतरिक और बाह्य ऋण की पुनर्अदायगी और विभिन्न प्रयोजनों

के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को कर्ज जारी किए जाने सहित अपना कार्य करने के लिए सरकार द्वारा किए गए समस्त व्यय को इस निधि के नामे डाला जाता है।

भारत की समेकित निधि संबंधी लेनदेनों को 6-स्तरीय उत्क्रम ढांचे वाले कार्यों एवं कार्यक्रमों [जोकि अधिकांशत: विकास के योजना शीर्ष के अनुरूप होते हैं और ऐसा न होने पर संविधानिक और अन्य आवश्यकताओं से संबंधित होते हैं] में विभाजित कार्यात्मक वर्गीकरण का उपयोग करते हुए निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता है:

- ❖ मुख्य शीर्ष – सरकार के मुख्य कार्य का द्योतक है।
- ❖ उप मुख्य शीर्ष – सरकार के उप-कार्य का द्योतक है।
- ❖ लघु शीर्ष – सरकार के कार्यक्रम का द्योतक है।
- ❖ उप शीर्ष – स्कीम का द्योतक है।
- ❖ ब्योरेवार शीर्ष – उप स्कीम का द्योतक है, और
- ❖ वस्तुगत शीर्ष – व्यय के उद्देश्य के लिए [जैसे वेतन, कार्यालय व्यय]

व्यय लेनदेनों को 'योजना' या 'योजनेतर' व्यय और 'स्वीकृत' या 'प्रभारित' व्यय में भी वर्गीकृत किया जाता है।

## II. भारत की आकस्मिकता निधि

यह निधि अग्रदाय स्वरूप की होती है और उसे भारत के राष्ट्रपति के अधिकार में रखा जाता है ताकि सरकार अप्रत्याशित व्यय को संसद से उसे प्राधिकृत कराए जाने को लंबित रखकर पूरा कर सके। इस धनराशि का उपयोग प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत प्रदान किए जाने और साथ ही सरकार द्वारा किसी नई नीति को लागू करने के निर्णय को संसद से इसका अनुमोदन लंबित रखते हुए कार्यान्वित करने के लिए भी किया जाता है। ऐसे सभी मामलों में, संसद का अगला सत्र बुलाए जाने पर चालू वित्त वर्ष के दौरान स्कीम/परियोजना पर किए जाने वाले कुल व्यय को दर्शाते हुए एक विधेयक प्रस्तुत किया जाता है। संसद द्वारा विधेयक को स्वीकृति प्रदान किए जाने के पश्चात, आकस्मिकता निधि में से पहले ही खर्च की जा चुकी धनराशि की संबंधित कार्यात्मक मुख्य शीर्ष आदि में व्यय नामे डालकर भारत की समेकित निधि में प्रतिपूर्ति कर दी जाती है।

## III. भारत का लोक लेखा

सरकार द्वारा प्राप्त की जाने वाली समस्त सार्वजनिक धनराशि, उन धनराशियों से भिन्न जो भारत की समेकित निधि में जमा की जानी होती हैं, लोक लेखे के अंतर्गत लेखाबद्ध की जाती है। लोक लेखे में जमा की जाने वाली प्राप्तियों और इसमें से किए जाने वाले संवितरणों को संसद से स्वीकृत नहीं कराया जाता। इस लेखे के अंतर्गत प्राप्तियां मुख्य रूप से बचत प्रमाण-पत्रों की बिक्री, सामान्य भविष्य निधि और लोक भविष्य निधि में अंशदानों, सरकार द्वारा प्राप्त की जाने वाली प्रतिभूति जमाओं और बयाना जमाओं से आती हैं। इन

प्राप्तियों के संबंध में, सरकार बैंकर या न्यासी की भूमिका निभाती है और संविदा/कार्य पूरा होने के बाद धनराशि वापस करती है। लोक लेखे में विभिन्न उचंत और प्रेषण शीर्ष भी शामिल होते हैं।

लोक लेखे संबंधी लेनदेनों को प्राप्तियों और संवितरणों के रूप में दर्ज किया जाता है और उन्हें निम्नलिखित व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है:

- ❖ अल्प बचत
- ❖ आरक्षित निधियां
- ❖ जमा और अग्रिम
- ❖ उचंत और विविध
- ❖ प्रेषण
- ❖ रोकड़ शेष

## वित्तीय विवरण

| वित्तीय स्थिति का विवरण (करोड़ रुपए) | | |
|---|---|---|
| | 31 मार्च, 2006 | 31 मार्च, 2005 |
| **देयताएं** | **1,866,040** | **1,689,587** |
| क. लोक ऋण | 1,484,001 | 1,336,849 |
| 1. आंतरिक ऋण | 1,389,758 | 1,275,971 |
| 2. बाह्य ऋण | 94,243 | 60,878 |
| ख. आकस्मिकता निधि | 500 | 50 |
| ग. लोक लेखे पर देयताएं (निवेशों/अग्रिम का निवल) | 381,539 | 352,688 |
| 1. आरक्षित निधियां | 22,843 | 17,950 |
| 2. जमा और अग्रिम | 83,316 | 71,690 |
| 3. अल्प बचतें, भविष्य निधियां आदि | 275,380 | 263,048 |
| **परिसम्पत्तियां** | **1,866,040** | **1,689,587** |
| क. रोकड़ और रोकड़ समकक्ष | 85,488 | 99,748 |
| 1. रोकड़ शेष | 65,488 | 79,748 |
| 2. अल्पावधि रोकड़ निवेश | 20,000 | 20,000 |
| ख. अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियां | | 366,340 |
| 1. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में इक्विटी निवेश | 142,501 | 135,537 |
| 2. कर्ज तथा अग्रिम | 231,035 | 230,515 |
| क. राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 158,024 | 161,168 |
| ख. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | 73,011 | 69,347 |
| 3. उचंत और विविध | 166 | 288 |
| ग. संचित घाटा* | 1,406,850 | 1,223,499 |

*पिछले वर्षों के संचित घाटे और अधिशेष को दर्शाता है।

| प्रचालन विवरण (करोड़ रुपए) | | |
|---|---|---|
| | 2005-06 | 2004-05 |
| **प्राप्तियां** | | |
| **राजस्व लेखा** | **430,940** | **376,871** |
| कर राजस्व | 271,766 | 226,363 |
| करेतर राजस्व | 156,151 | 147,946 |
| सहायता अनुदान | 3,023 | 2,562 |
| **अन्य प्राप्तियां** | **1,569** | **2,389** |
| विनिवेश पर प्रीमियम | 1,558 | 2,328 |
| अन्य | 11 | 61 |
| **कुल प्राप्तियां** | **432,509** | **379,260** |
| **व्यय** | | |
| **राजस्व लेखा** | **540,637** | **455,571** |
| सामान्य सेवाएं | 239,895 | 222,832 |
| सामाजिक सेवाएं | 383,79 | 30,287 |
| आर्थिक सेवाएं | 187,026 | 147,131 |
| सहायता अनुदान | 75,337 | 55,321 |
| **पूंजीगत लेखा** | **49,155** | **48,091** |
| सामान्य सेवाएं | 35,033 | 34,073 |
| सामाजिक सेवाएं | 781 | 827 |
| आर्थिक सेवाएं | 13,341 | 13,191 |
| **विविध** | **25,896** | **5,652** |
| **कुल व्यय** | **615,688** | **509,314** |
| **पूर्व अवधि समायोजन** | 172 | 13 |
| **घाटा** ** | **183,351** | **130,067** |

** घाटे को वित्तीय स्थिति के विवरण में अग्रेनीत करके संचित घाटे के रूप में दर्शाया जाता है।

| प्राप्तियों और संवितरणों का विवरण (करोड़ रुपए) | | |
|---|---|---|
| | 2005-06 | 2004-05 |
| **प्राप्तियां** | **2,117,903** | **1,578,330** |
| **भारत की समेकित निधि** | **1,706,684** | **1,150,824** |
| कर राजस्व | 271,766 | 226,363 |
| करेतर राजस्व | 156,151 | 147,946 |
| सहायता अनुदान और अंशदान | 3,023 | 2,562 |
| विविध पूंजीगत प्राप्तियां | 1,581 | 4,424 |
| लोक ऋण | 1,262,362 | 705,289 |
| कर्ज तथा अग्रिम | 11,801 | 64,240 |
| भारत की आकस्मिकता निधि | 450 | |
| **लोक लेखा** | **410,769** | **427,506** |
| अल्प बचतें, भविष्य निधि | 291,276 | 284,992 |
| आरक्षित निधियां | 36,715 | 27,074 |
| जमा तथा अग्रिम | 75,498 | 100,447 |
| उचंत और विविध | 6,552 | 13,668 |
| प्रेषण | 728 | 1,325 |
| **संवितरण** | **2,132,164** | **1,505,990** |
| **भारत की समेकित निधि** | **1,724,909** | **1,105,602** |
| सामान्य सेवाएं | 239,895 | 222,832 |
| सामाजिक सेवाएं | 38,379 | 30,287 |
| आर्थिक सेवाएं | 187,026 | 147,131 |
| सहायता अनुदान और अंशदान | 75,337 | 55,321 |
| पूंजीगत परिव्यय | 56,119 | 53,654 |
| ऋण की पुनर्अदायगी | 1,115,210 | 556,269 |
| कर्ज तथा अग्रिम | 12,493 | 40,108 |
| भारत की आकस्मिकता निधि को अंतरण | 450 | |
| **लोक लेखा** | **407,255** | **400,388** |
| अल्प बचतें, भविष्य निधि | 278,944 | 263,293 |
| आरक्षित निधियां | 31,822 | 23,374 |
| जमा तथा अग्रिम | 63,872 | 103,993 |
| उचंत और विविध | 32,085 | 9,279 |
| प्रेषण | 532 | 449 |
| **संवितरणों से अधिक प्राप्तियां** | **-14,261** | **72,340** |
| प्रारंभिक रोकड़ शेष | 79,748 | 7,408 |
| **अंत रोकड़ शेष** | **65,487** | **79,748** |

## प्राप्तियां

सरकार की प्राप्तियों को राजस्व प्राप्तियों और ऋणेतर पूंजीगत प्राप्तियों में वर्गीकृत किया जाता है। राजस्व प्राप्तियों में, कर राजस्व और करेतर राजस्व शामिल हैं। वर्ष 2005-06 के दौरान, कर राजस्व कुल सरकारी ऋणेतर प्राप्तियों का लगभग 75.17% था। शेष राजस्व करेतर राजस्वों (21.47%) और ऋणेतर पूंजीगत प्राप्तियों (3.36%) से प्राप्त हुआ। संघ उत्पाद शुल्क सरकार का सबसे बड़ा राजस्व स्रोत बना रहा जिसका कुल सरकारी ऋणेतर प्राप्तियों में लगभग एक चौथाई अंशदान रहा। ऋणेतर सरकारी प्राप्तियों के अन्य मुख्य अंशदाता निगम कर (21%), सीमा शुल्क (13%), आयकर (10%) ब्याज (6%) और कर्जों की वसूली (3%)हैं।

भारत की समेकित निधि में प्राप्तियां (2005-06)




वर्ष 2005-2006 के लिए भारत सरकार की कुल प्राप्तियां [राज्यों को हस्तांतरित करों का निवल] 359,688 करोड़ रुपए थीं - इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 12,792 करोड़ रु. [3.4%] की कमी हुई। यह कमी मुख्य रूप से कम ब्याज प्राप्त होने के कारण थी जो 31,690 करोड़ रु. से 30% घटकर 22,032 करोड़ रु. हो गई। तथापि, कर राजस्व 224,798 करोड़ रु. से 20% बढ़कर 270,264 करोड़ रु. हो गया। सरकार की अन्य प्राप्तियाँ, जिसमें मुख्य रूप से कर्जों की वसूलियां, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सरकार की शेयर पूंजी के विनिवेश से आय और ऐसे विनिवेशों पर प्राप्त प्रीमियम शामिल हैं, भी 66,467 करोड़ रु. से कम होकर 12,226 करोड़ रु. हो गईं।

**ऋणेतर प्राप्तियां**
**(करोड़ रुपए)**

| विवरण | 2005-06 | 2004-05 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| कर राजस्व | 270,264 | 224,798 | 20% |
| करेतर राजस्व | 77,198 | 81,215 | -5% |
| अन्य प्राप्तियां | 12,226 | 66,467 | -82% |
| **कुल ऋणेतर प्राप्तियां** | **359,688** | **372,480** | **-3%** |

## कर राजस्व

कर राजस्व संग्रहण (केंद्र को निवल) 2004-05 के 224,798 करोड़ रु. से बढ़कर 2005-06 में 270,264 करोड़ रु. हो गया - इसमें 45,466 करोड़ रु. [20%] की वृद्धि हुई। मुख्य वृद्धियां सेवा कर (60%), निगम कर (24%), आय कर (7%) सीमा शुल्क (12%) और उत्पाद शुल्क (12%) में देखी गईं।

**कर राजस्व**
**(करोड़ रुपयों में)**

| विवरण | 2005-06 | | | 2004-05 | | | सकल कर में वर्ष प्रति वर्ष वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सकल | राज्यों को हस्तांतरित** | निवल | सकल | राज्यों को हस्तांतरित | निवल | |
| 1. निगम कर | 101,277 | 26,089 | 75,188 | 82,680 | 22,391 | 60,289 | 24% |
| 2. आय कर | 55,976 | 18,375 | 37,601 | 49,258 | 14,393 | 34,865 | 7% |
| 3. ब्याज कर | 13 | | 13 | 50 | | 50 | -74% |
| 4. अनुषंगी लाभ कर | 4,772 | - | 4,772 | - | - | - | - |
| 5. व्यय कर | 31 | (-)5 | 36 | 35 | (-)5 | 40 | 10% |
| 6. धन कर | 250 | 51 | 199 | 145 | 49 | 96 | 107% |
| 7. प्रतिभूति लेनदेन | 2,559 | - | 2,559 | - | - | - | - |
| 8. बैंकिंग रोकड़ लेनदेन | 321 | - | 321 | - | - | - | - |
| 9. सीमा शुल्क | 65,067 | 18,422 | 46,646 | 57,611 | 15,800 | 41,811 | 12% |
| 10. संघ उत्पाद शुल्क | 111,226 | 24,584 | 86,642 | 99,125 | 21,884 | 77,241 | 12% |
| 11. सेवा कर | 23,055 | 6,877 | 16,177 | 14,200 | 4,125 | 10,075 | 60% |
| 12. अन्य कर | 478 | (-)8 | 485 | 1,034 | (-)42 | 1076 | -54% |
| 13. संघ राज्य क्षेत्रों के कर | 1,125 | - | 1125 | 819 | | 819 | 37% |
| 14. एनसीसीएफ को अंतरित अधिभार | (-)1,502 | - | (-)1502 | (-)1564 | | (-)1564 | -4% |
| **कुल कर राजस्व** | **364,649** | **94,385** | **270,264** | **303,393** | **78,595** | **224,798** | **20%** |

## करेतर राजस्व

सरकार का करेतर राजस्व मुख्यत: ब्याज प्राप्तियों, सार्वजनिक उद्यमों से लाभांश एवं लाभ और विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुल्क/प्रभार के रूप में प्रोद्भूत होता है। करेतर राजस्व संग्रहण जोकि 2004-05 में 81,215 करोड़ रु. था वह 2005-06 के दौरान घटकर 77,198 करोड़ रु. हो गया और इस प्रकार इसमें 4,017 करोड़ रु. [5%] की मामूली कमी हुई।

** ऋण हस्तांतरण राज्य सरकारों से केंद्र को पुनर्अदायगी में चूक के समायोजन के कारण है।

| करेतर राजस्व (करोड़ रुपए) | | | |
|---|---|---|---|
| **विवरण** | **2005-06** | **2004-05** | **वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि (%)** |
| ब्याज प्राप्तियां | 22,032 | 31,690 | -30 |
| लाभांश और लाभ | 25,451 | 22,939 | 11 |
| संघ राज्य क्षेत्रों के करेतर राजस्व | 791 | 755 | 5 |
| अन्य करेतर राजस्व | 28,924 | 25,831 | 12 |
| **कुल करेतर राजस्व** | **77,198** | **81,215** | **-5** |

## ब्याज प्राप्तियां

ब्याज प्राप्तियां सरकार के करेतर राजस्वों का एक मुख्य स्रोत है। ब्याज मुख्यत: संघ सरकार द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को प्रदान किए गए कर्जों से प्राप्त होता है। यह अकेले कुल ब्याज प्राप्तियों का 42% होता है। रेलवे (11.8%) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (4.6%) अन्य महत्वपूर्ण अंशदाता हैं।

वर्ष 2005-06 के दौरान कुल ब्याज प्राप्तियां 30,799 करोड़ रु. थीं जो पिछले वर्ष की तुलना में 5,613 करोड़ रु. (15.42%) कम थीं। यह गिरावट मुख्यत: राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों से कम ब्याज प्राप्तियों के कारण थी क्योंकि 2004-05 में 22,988 करोड़ रु. की राशि 2005-06 में घटकर 12,803 करोड़ रु. हो गई। रेलवे से ब्याज प्राप्ति में 558 करोड़ रु. की वृद्धि हुई जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के और अन्य उपक्रमों से प्राप्त ब्याज में 1038 करोड़ रुपए की कमी आई।

| ब्याज प्राप्तियां (सकल) (करोड़ रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **स्रोत** | **2005-06** | **2004-05** | **2003-04** | **2002-03** |
| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 12,803 | 22,988 | 28,641 | 29,599 |
| रेलवे | 3,642 | 3,084 | 3,361 | 2,689 |
| विभागीय वाणिज्यिक उपक्रम | 230 | 314 | 811 | 992 |
| सार्वजनिक क्षेत्र के और अन्य उपक्रम | 1,421 | 2,459 | 2,226 | 3,552 |
| अन्य | 12,703 | 7,567 | 11,606 | 7,873 |
| **कुल** | **30,799** | **36,412** | **46,645** | **44,705** |

### *लाभांश*

वर्ष 2005-06 के दौरान सरकार द्वारा किए गए निवेशों पर 25,451 करोड़ रु. का लाभांश प्राप्त हुआ जो कि पिछले वर्ष की अपेक्षा 2,512 करोड़ रु. [11%] अधिक है।

| लाभांश - मुख्य स्रोत (करोड़ रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मुख्य स्रोत** | **2005-06** | **2004-05** | **2003-04** | **2002-03** |
| सार्वजनिक क्षेत्र के और अन्य उपक्रम | 18,511 | 15,798 | 10,386 | 9,665 |
| भारतीय जीवन बीमा निगम | 697 | 476 | 488 | 433 |
| राष्ट्रीयकृत बैंक | 807 | 1,072 | 1,310 | 670 |
| भारतीय रिजर्व बैंक | 5,400 | 5,400 | 8,834 | 10,320 |

## ऋणेतर पूंजीगत प्राप्तियां

ऋणेतर पूंजीगत प्राप्तियां मुख्यत: सरकार की परिसंपत्तियों की विक्रय आय होती है जिसमें सार्वजनिक उद्यमों में सरकार की शेयर पूंजी का विनिवेश शामिल होता है। वर्ष 2005-06 के दौरान सार्वजनिक उद्यमों में सरकार की शेयर पूंजी के विनिवेश से 1,570 करोड़ रु. (12 करोड़ रु. विनिवेश प्राप्ति के रूप में और अन्य 1,558 करोड़ रु. विनिवेश पर प्रीमियम के रूप में) वसूल किए गए थे।

| पूंजीगत प्राप्तियां (करोड़ रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **स्रोत** | **2005-06** | **2004-05** | **2003-04** | **2002-03** |
| सार्वजनिक क्षेत्र के और अन्य उपक्रमों में विनिवेश | 12 | 2,036 | 1,534 | 3,102 |
| सार्वजनिक क्षेत्र के और अन्य उपक्रमों के विनिवेश पर प्राप्त प्रीमियम | 1558 | 2,328 | 15,098 | 47 |
| अन्य पूंजीगत प्राप्तियां | 11 | 61 | 321 | 1 |
| **कुल** | **1,581** | **4,425** | **16,953** | **3,150** |

## व्यय

वर्ष 2005-2006 के दौरान, कुल व्यय 506,123 करोड़ रु. था। व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में 8,441 करोड़ रु. [2%] की वृद्धि हुई। राजस्व व्यय 439,761 करोड़ रु. था, जिसमें पिछले वर्ष की अपेक्षा 55,410 करोड़ रु. [14%] की वृद्धि हुई और पूंजीगत व्यय 66,362 करोड़ रु. था जिसमें पिछले वर्ष की अपेक्षा 46,969 करोड़ रु. [41%] की कमी आई। कुल व्यय के प्रतिशत के रूप में पूंजीगत व्यय का भाग 13% था।

**व्यय**
**(करोड़ रुपए)**

| विवरण | 2005-06 | | | 2004-05 | | | वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | योजनागत | योजनेतर | कुल | योजनागत | योजनेतर | कुल | |
| **राजस्व** | **111,858** | **327,903** | **439,761** | **87,494** | **296,857** | **384,351** | **14%** |
| सामान्य सेवाएं | 94 | 222,971 | 223,065 | 94 | 214,454 | 214,548 | 4% |
| सामाजिक सेवाएं | 24,435 | 9,406 | 33,841 | 19,418 | 8,663 | 28,081 | 20% |
| आर्थिक सेवाएं | 43,682 | 61,532 | 105,214 | 28,435 | 56,132 | 84,567 | 24% |
| सहायता अनुदान | 43,647 | 33,994 | 77,641 | 39,547 | 17,608 | 57,155 | 36% |
| **पूंजीगत** | **28,780** | **37,582** | **66,362** | **44,798** | **68,533** | **113,331** | **-41%** |
| सामान्य सेवाएं | 330 | 34,703 | 35,033 | 311 | 33,762 | 34,073 | 3% |
| सामाजिक सेवाएं | 751 | 31 | 782 | 878 | (-)51 | 827 | -5% |
| आर्थिक सेवाएं | 18,377 | 834 | 19,211 | 17,543 | 32,491 | 50,034 | -62% |
| कर्ज एवं अग्रिम | 9,322 | 2,014 | 11,336 | 26,066 | 2,331 | 28,397 | -60% |
| **कुल व्यय** | **140,638** | **365,485** | **506,123** | **132,292** | **365,390** | **497,682** | **2%** |

66,362 करोड़ रु. के कुल पूंजीगत व्यय में से 53,869 करोड़ रु. (81%) परिसंपत्ति निर्माण पर व्यय किए गए, शेष कर्ज एवं अग्रिम (19%) के रूप में थे।

**पूंजीगत व्यय**
**(करोड़ रुपए)**

| | परिसंपत्ति निर्माण | | ऋण की पुनर्अदायगी* | | कर्ज एवं अग्रिम | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1996-97 | 14,195 | 34% | | | 27,879 | 66% | 42,074 |
| 1997-98 | 17,526 | 34% | | | 34,192 | 66% | 51,718 |
| 1998-99 | 18,841 | 30% | | | 44,038 | 70% | 62,879 |
| 1999-00 | 24,036 | 49% | | | 24,939 | 51% | 48,975 |
| 2000-01 | 24,745 | 52% | | | 23,009 | 48% | 47,754 |
| 2001-02 | 29,771 | 49% | | | 31,071 | 51% | 60,842 |
| 2002-03 | 29,101 | 39% | 13,766 | 18% | 31,668 | 42% | 74,535 |
| 2003-04 | 35,678 | 32% | 46,211 | 42% | 28,739 | 26% | 110,628 |
| 2004-05 | 40,549 | 36% | 32,675 | 29% | 40,107 | 35% | 113,331 |
| 2005-06 | 53,869 | 81% | | | 12,493 | 19% | 66,362 |

*नए ऋण में शामिल न किए गए ऋण की पुनर्अदायगी को दर्शाता है।

## क्षेत्रवार आबंटन

समग्र रूप से, सामान्य सेवाओं पर व्यय 258,098 करोड़ रु. (कुल व्यय का 51%) था। इसमें राज्यों के अंग, राजकोषीय सेवाएं, पेंशनें रक्षा आदि पर व्यय शामिल हैं। सामाजिक सेवाओं पर व्यय 34,623 करोड़ रु. (कुल व्यय का 7%) और आर्थिक सेवाओं पर 124,425 करोड़ रु. (कुल व्यय का 25%) था। राज्य सरकारों, अन्य सार्वजनिक संस्थाओं और विभिन्न अन्य निकायों को सहायता अनुदान के रूप में 77,641 करोड़ रु.(कुल व्यय का 15%) जारी किए गए थे। वर्ष के दौरान 11,336 करोड़ रु. (कुल व्यय का 2%) के कर्ज और अग्रिम प्रदान किए गए।




## योजना व्यय

2005-06 के दौरान योजना व्यय 140,638 करोड़ रु. था। पिछले वर्ष के 132,292 करोड़ रु. की तुलना में, योजना व्यय में 6% की वृद्धि हुई। केंद्रीय योजना पर 104,658 करोड़ रु. (कुल योजना व्यय का 74%) का व्यय हुआ और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की योजनाओं को केंद्रीय सहायता पर 35,980 करोड़ रु. (कुल योजना व्यय का 26%) व्यय किए गए।

**योजना व्यय**
**(करोड़ रुपए)**

| विवरण | 2005-06 | | 2004-05 | |
|---|---|---|---|---|
| **केंद्रीय योजना** | **104,658** | **74%** | **80,135** | **61%** |
| राजस्व | 81,081 | 57% | 58,033 | 44% |
| पूंजीगत | 23,577 | 17% | 22,102 | 17% |
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की योजनाओं को केंद्रीय सहायता** | **35,980** | **26%** | **52,157** | **39%** |
| राजस्व | 30,777 | 22% | 29,461 | 22% |
| पूंजीगत | 5,203 | 4% | 22,696 | 17% |
| **कुल** | **140,638** | **100%** | **132,292** | **100%** |

## योजनेतर व्यय

वर्ष 2005-06 के दौरान योजनेतर व्यय 365,485 करोड़ रु. था। पिछले वर्ष के 365,390 करोड़ रु. की तुलना में योजनेतर व्यय लगभग स्थिर रहा। अकेले ब्याज अदायगियां (132,630 करोड़ रु.) ही कुल योजनेतर व्यय का 36% लेखाबद्ध की गईं। रक्षा व्यय (80,549 करोड़ रु.) और आर्थिक सहायताएं (45,068 करोड़ रु.) योजनेतर व्यय की अन्य प्रमुख मदें थीं।

**योजनेतर व्यय - मुख्य संघटक**
**(करोड़ रुपए)**

| विवरण | 2005-06 | | 2004-05 | | वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्याज | 132,630 | 36% | 126,934 | 35% | 4% |
| आर्थिक सहायताएं | 45,068 | 12% | 46,608 | 13% | -3% |
| रक्षा | 80,549 | 22% | 75,856 | 21% | 6% |
| पेंशनें | 20,255 | -6% | 18,300 | 5% | 11% |
| पुलिस | 12,379 | 3% | 10,654 | 3% | 16% |
| सहायता अनुदान | 31,689 | 9% | 15,774 | 4% | 100% |
| कर्ज | 2,105 | 1% | 2,492 | 1% | -16% |
| राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को पुनर्अदायगी | .... | .... | 32,675 | 9% | ... |
| अन्य | 40,810 | 11% | 36,097 | 10% | 13% |
| **कुल** | **365,485** | **100%** | **365,390** | **100%** | **0%** |

पिछले वर्ष की तुलना में ब्याज अदायगियों में 4% की वृद्धि हुई जबकि रक्षा पर व्यय में 6% की वृद्धि हुई। आर्थिक सहायताओं तथा कर्जों पर व्यय में क्रमश: 3% तथा 16% की कमी आई। पेंशनों (20,255 करोड़ रु.) और पुलिस (12,379 करोड़ रु.) पर व्यय में पिछले वर्ष की अपेक्षा 11% और 16% की वृद्धि हुई।

## आर्थिक सहायताएं

आर्थिक सहायताओं पर व्यय वर्ष 2004-05 के 46,608 करोड़ रु. से घटकर वर्ष 2005-06 में 45,068 करोड़ रु. रह गया, इसमें 1,540 करोड़ रु. की गिरावट आई। 23,077 करोड़ रु. की खाद्य सहायता आर्थिक सहायता बिल का प्रमुख संघटक बना रहा। उर्वरक सहायता 18,460 करोड़ रु. और पेट्रोलियम सहायता 2,683 करोड़ रु. थी।

| मुख्य आर्थिक सहायताएं (करोड़ रुपए) | | | |
|---|---|---|---|
| विवरण | 2005-06 | 2004-05 | वर्ष प्रतिवर्ष वृद्धि |
| खाद्य | 23,077 | 25,797 | -11% |
| उर्वरक | 18,460 | 15,880 | 16% |
| पेट्रोलियम | 2,683 | 2,956 | -9% |
| अन्य | 848 | 1,975 | -57% |
| **कुल** | **45,068** | **46,608** | -3% |

यद्यपि पेट्रोलियम और खाद्य आर्थिक सहायता में क्रमशः 9% तथा 11% की गिरावट आई, उर्वरक सहायता में 16% की वृद्धि हुई।

## निवल उधार

सरकारी उधार प्रक्रिया के मुख्य लाभग्राही राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें और विभिन्न सार्वजनिक निगम एवं संस्थाएं होती हैं। वर्ष 2005-06 के दौरान, सरकार ने 12,492 करोड़ रु. के नए कर्ज लिए और पिछले वर्षों में प्राप्त 11,800 करोड़ रु. के कर्जों की चुकौती की। इस प्रकार, अग्रिमों के भंडार में 692 करोड़ रु. की सीमांत रूप से वृद्धि हुई । वर्ष 2005-06 के अंत में, सरकार के पास 231,035 करोड़ रु. के अग्रिम थे।

| सरकार द्वारा लिए गए उधार (करोड़ रुपए) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विवरण | 01-अप्रैल-05 | वृद्धियां | प्राप्तियां | 31 मार्च 06 | वृद्धि/कमी |
| राज्य सरकारें | 160,045 | 5,507 | 8,548 | 157,004 | -3,041 |
| संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें | 1,123 | 147 | 250 | 1,020 | -103 |
| विदेशी सरकारें | 3,135 | 392 | 114 | 3,413 | 278 |
| सरकारी निगम, गैर सरकारी संस्थाएं, स्थानीय निधियां, कृषक आदि | 63,698 | 6,143 | 2,382 | 67,459 | 3,761 |
| सरकारी कर्मचारी | 2,342 | 303 | 506 | 2,139 | -203 |
| कुल | **230,343** | **12,492** | **11,800** | **231,035** | **692** |

## निवेश

वर्ष के दौरान सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सा.क्षे.उ.) आदि में 6,964 करोड़ रु. का निवेश किया। 31 मार्च, 2006 को कंपनियों में सरकार का कुल निवेश 142,501 करोड़ रु. था।

| कंपनियों आदि में सरकार का निवेश (करोड़ रुपए) | |
|---|---|
| **विवरण** | **निवेश की गई राशि** |
| निर्माणाधीन कंपनियां | 11,059 |
| सांविधिक निगम | 4,445 |
| सरकारी कंपनियां | 105,183 |
| अंतर्राष्ट्रीय निकाय | 2,217 |
| राज्य सहकारी बैंक/अन्य बैंक | 19,202 |
| सहकारी समितियां | 395 |
| **कुल** | **142,501** |

## ऋण और अन्य देयताएं

राजस्व की अपेक्षा व्यय के आधिक्य को पूरा करने के लिए सरकार आंतरिक एवं बाह्य स्रोतों से उधार का सहारा लेती है जिसे लोक ऋण के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसके अलावा, लोक लेखे में प्रोद्भवन भी सरकार के घाटे के बजट के वित्तपोषण के स्रोत के रूप में काम करता है।

31 मार्च, 2006 को सरकार की कुल देयताएं 1,868,843 करोड़ रु. थीं। आंतरिक ऋण 1,389,758 करोड़ रु. (74%), बाह्य ऋण (ऐतिहासिक मूल्य पर) 94,243 करोड़ रु. (5%) और अन्य देयताएं 384,842 करोड़ रु. ** (21%) थीं।

### भारत सरकार के ऋण और अन्य देयताएं




31 मार्च, 2006 को कुल लोक ऋण (ऐतिहासिक मूल्य पर लिया गया बाह्य ऋण) 1,484,001 करोड़ रु. था। वर्ष के आरंभ में 1,336,849 करोड़ रु. की अपेक्षा वर्ष के दौरान लोक ऋण में 11% की वृद्धि हुई। लोक ऋण 31.3.2006 को चालू विनिमय दर पर 1,583,957 करोड़ रु. था जबकि 31.3.2005 को यह 1,467,242 करोड़ रु. था।

---

**31.3.2006 के लोक लेखे मे केंद्र सरकार की कुल देयता 776,144 करोड रुपए थी। इसमें से 391,302 करोड़ रुपए राज्य सरकार की विशेष प्रतिभूतियों में निवेश किए गए और इस लेखे में 384,842 करोड़ रुपए की बकाया निवल देयता थी।

## आंतरिक ऋण

आंतरिक ऋण के मुख्य संघटक बाजार कर्ज, भारतीय रिजर्व बैंक को जारी विशेष प्रतिभूतियां, 1.4.1999 से अल्प बचतों के निवल संग्रहण की तुलना में केंद्र सरकार को जारी की गई विशेष प्रतिभूतियां, प्रतिपूर्ति और अन्य बांड आदि हैं। इसके अतिरिक्त खजाना बिलों से उधार, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं आदि को जारी की गई प्रतिभूतियां भी आंतरिक ऋण का भाग होती हैं।

वर्ष के आरंभ में आंतरिक ऋण का कुल भंडार, 1,275,971 करोड़ रु. से बढ़कर वर्ष के अंत में 1,389,758 करोड़ रु. हो गया। बाजार कर्ज 103,374 करोड़ रु. से बढ़कर 862,369 करोड़ रु. हो गया।

**आंतरिक ऋण**
**(करोड़ रुपए)**

| स्रोत | 01 अप्रैल 05 | वृद्धियां | उन्मोचन | 31 मार्च 06 | वृद्धि/कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| बाजार कर्ज | 758,995 | 131,000 | 27,626 | 862,369 | 103,374 |
| अ.वि.सं. को जारी प्रतिभूतियां | 21,644 | 3,845 | 337 | 25,152 | 3,508 |
| 364 दिन के खजाना बिल | 26,147 | 29,018 | 26,151 | 29,014 | 2,867 |
| 14 दिन के खजाना बिल | 14,607 | 891,982 | 867,249 | 39,340 | 24,733 |
| विक्रेय प्रतिभूतियां | 111,818 | 0 | 8,000 | 103,818 | -8,000 |
| रा.अ.ब.नि. को केंद्र सरकार की विशेष प्रतिभूति (31.3.99) | 83,569 | 0 | 0 | 83,569 | 0 |
| रा.अ.ब.नि. को केंद्र सरकार की विशेष प्रतिभूति (1.4.99) | 118,701 | 0 | 449 | 118,252 | -449 |
| बाजार स्थिरीकरण स्कीम | 64,211 | 85,262 | 120,411 | 29,062 | -35,149 |
| अन्य | 76,279 | 80,892 | 57,989 | 99,182 | 22,903 |
| **कुल आंतरिक ऋण** | **1,275,971** | **1,221,999** | **1,108,212** | **1,389,758** | **113,787** |

बाजार स्थिरीकरण स्कीम को मुख्य रूप से बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा के अंतर्वाह के कारण बाजार में उपलब्ध अधिक चल निधि को आमेलित करने के लिए वित्तीय वर्ष 2004-05 में शुरु किया गया था। 31.3.2006 को बाजार स्थिरीकरण स्कीम के अंतर्गत 29,062 करोड़ रु. का बकाया शेष था।

## बाह्य ऋण

2005-06 के अंत में बाह्य ऋण का भंडार (ऐतिहासिक विनिमय दरों पर) 94,243 करोड़ रु. था, जो कुल बकाया ऋण का 6.35% है। वर्तमान विनिमय दर पर (31.3.2006 की स्थिति के अनुसार) यह 194,199 करोड़ रु. था - इसमें 31.3.2005 की स्थिति के अनुसार बकाया 191,271 करोड़ रु. की अपेक्षा 2,928 करोड़ रु. की वृद्धि हुई।

**बाह्य ऋण (करोड़ रुपए)**

| स्रोत | ऐतिहासिक विनिमय दरों पर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 01 अप्रैल 05 | वृद्धियां | उन्मोचन | 31 मार्च 06 | वृद्धि/कमी | वर्तमान मूल्य |
| आई.डी.ए. | 44,571 | 5,280 | 2,766 | 47,085 | 2,514 | 104,539 |
| जापान | 21,085 | 2,357 | 2,172 | 21,270 | 185 | 39,896 |
| एशियाई विकास बैंक | 2,222 | 5,452 | 112 | 7,562 | 5,340 | 8,321 |
| जर्मनी | 151 | 1,005 | 447 | 709 | 558 | 10,190 |
| आई बी आर डी | -1,320 | 20,207 | 595 | 18,292 | 19,612 | 19,639 |
| नीदरलैंड | -16 | 0 | 0 | -16 | 0 | 0 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | -5,147 | 1,661 | 451 | -3,937 | 1,210 | 3,071 |
| अन्य | -668 | 4,401 | 455 | 3,278 | 3,946 | 8,543 |
| **कुल बाह्य ऋण** | **60,878** | ***40,363** | **6,998** | **94,243** | **33,365** | **194,199** |

विदेशी मुद्रा में बाह्य ऋण को निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया है:

**विदेशी मुद्रा में बाह्य ऋण (करोड़ रुपए)**

| स्रोत | मुद्रा | 01 अप्रैल 05 | वृद्धियां | उन्मोचन | 31 मार्च 06 | वृद्धि/कमी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एडीबी | अमरीकी डालर | 141 | 48 | 3 | 186 | 45 |
| जर्मनी | यूरो | 198 | 0 | 8 | 190 | -8 |
| आईबीआरडी | अमरीकी डालर | 377 | 76 | 14 | 439 | 62 |
| आईडीए | अमरीकी डालर | 501 | 0 | 25 | 476 | -25 |
| आईडीए | एसडीआर | 1,238 | 83 | 25 | 1,296 | 58 |
| जापान | येन | 103,362 | 6,574 | 5,525 | 104,411 | 1,049 |
| रूसी परिसंघ | रुपए | 1,184 | 0 | 112 | 1,072 | -112 |
| रूसी परिसंघ | अमरीकी डालर | 55 | 25 | 0 | 80 | 245 |

**इसमें विदेशी विनिमय दरों में विभिन्नता के कारण बट्टे खाते डाले गए 25,893 करोड़ रुपए शामिल हैं। तदनुसार बाह्य ऋण में वास्तविक वृद्धि 14,470 करोड रुपए थी।

## लोक लेखे की देयताएं

31.3.2006 को लोक लेखे में 384,842 करोड़ रु. की कुल देयताएं थीं। ब्याज वाली देयताएं 329,029 करोड़ रु. की थीं और शेष 55,813 करोड़ रु. की बिना ब्याज वाली देयताएं थीं।

| लोक लेखे की देयताएं (करोड़ रुपए) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विवरण | 01 अप्रैल 05 | वृद्धियां | उन्मोचन | 31 मार्च 06 | वृद्धि/कमी |
| **अल्प बचत, भविष्य निधि आदि** | **263,048** | **291,276** | **278,944** | **275,380** | **12,332** |
| **अन्य ब्याज वाली** | 46,202 | 25,505 | 18,058 | 53,649 | 7,447 |
| आरक्षित निधि | 9,318 | 17,477 | 14,047 | 12,748 | 3,430 |
| जमा | 36,884 | 8,028 | 4,011 | 40,901 | 4,017 |
| **अन्य बिना ब्याज वाली** | 46,787 | 60,035 | 51,009 | 55,813 | 9,026 |
| आरक्षित निधि | 8,632 | 19,238 | 17,775 | 10,095 | 1,463 |
| जमा | 38,155 | 40,797 | 33,234 | 45,718 | 7,563 |
| **कुल** | **356,037** | 376,816 | 348,011 | 384,842 | 28,805 |

## राष्ट्रीय अल्प बचत निधि

भारत के लोक लेखे में राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को 1.4.1999 को स्थापित किया गया था। इस निधि में धन विभिन्न अल्प बचत स्कीमों के अभिदाताओं से प्राप्त किया जाता है और इसमें उपलब्ध शेष को केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। इसमें निवेश का स्वरूप भारत सरकार के समय-समय पर निर्धारित मानदडों के अनुरूप होता है। 1 अप्रैल, 2002 से अल्प बचतों के समग्र निवल संग्रहण को संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त संग्रहणों के अनुपात में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (विधानमंडल वाले) की विशेष प्रतिभूतियों में पुन: निवेश किया जाता है।

वर्ष 2005-06 के दौरान राष्ट्रीय अल्प बचत निधि संग्रहण (निवल) 1,34,761 करोड़ रु. था, जिसमें से 89,767 करोड़ रु. राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में तथा 1,347 करोड़ रुपए केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किए गए थे। इस अवधि के दौरान निधि की आय (इसके निवेश करने पर) और व्यय क्रमश: 49,675 करोड़ रु. और 52,442 करोड़ रु. था। इस प्रकार, इस निधि का शेष जो कि वर्ष के आरंभ में 28,224 करोड़ रु. था वह वर्ष के अंत में सीमांत रूप से घटकर 19,429 करोड़ रु. रह गया।

| राष्ट्रीय अल्प बचत निधि (करोड़ रुपए) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विवरण | 01 अप्रैल 05 | वृद्धियां | उन्मोचन | 31 मार्च 06 | वृद्धि/कमी |
| **अंतर्वाह** | **532,030** | **249,823** | **115,062** | **666,791** | **134,761** |
| संग्रहण | 532,030 | 249,823 | 115,062 | 666,791 | 134,761 |
| बचत जमा | 256,684 | 138,025 | 77,044 | 317,665 | 60,981 |
| बचत प्रमाण पत्र | 191,893 | 39,810 | 28,014 | 203,689 | 11,796 |
| सार्वजनिक भविष्य निधि | 83,453 | 22,313 | 10,004 | 95,762 | 12,309 |
| निवेश से आय | | 49,675 | | 49,675 | 49,675 |
| **बहिर्वाह** | **503,806** | **518** | **144,075** | **647,362** | **143,556** |
| राष्ट्रीय अल्प बचत निधि का निवेश | 503,806 | 518 | 144,075 | 647,362 | 143,556 |
| केंद्र सरकार की प्रतिभूतियां | 202,271 | 449 | 1,796 | 203,618 | 1,347 |
| राज्य सरकार की प्रतिभूतियां | 301,535 | 69 | 89,836 | 391,302 | 89,767 |
| राष्ट्रीय अल्प बचत निधि का व्यय | | | 52,442 | 52,442 | 52,442 |
| **शेष** | **28,224** | **249,305** | **-29,012** | **19,429** | **-8,795** |

31 मार्च, 2006 को इस स्कीम के अभिदाताओं के प्रति निधि के कुल भंडार में 666,791 करोड़ रु. की देयताएं थीं, जिसमें से 317,665 करोड़ रु. बचत जमाओं के लिए, 203,689 करोड़ रु. बचत प्रमाण पत्रों के लिए और 95,762 करोड़ रु. सार्वजनिक भविष्य निधि के रूप में रखे गए थे।

वर्ष 2005-06 के अंत में निधि का निवेश 647,362 करोड़ रु. था, जिसमें से 391,302 करोड़ रु. राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में और शेष 203,618 करोड़ रु. केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किए गए थे।

## आकस्मिक देयताएं

संविधान के अनुच्छेद 292 के अधीन संघ सरकार, उस सीमा तक, यदि कोई हो, जिसे संसद कानून द्वारा निर्धारित करे, गारंटियां दे सकती है। राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन नियमावली में यह अनुबद्ध किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2004-05 से आरंभ होने वाले किसी वित्तीय वर्ष में सरकार सकल घरेलू उत्पाद के 0.5 प्रतिशत से अधिक धनराशि के लिए गारंटी नहीं देगी।

इन प्रावधानों के अधीन, सरकार विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य सार्वजनिक संस्थाओं को उनके उधारों की पुनर्अदायगी और उस पर ब्याज की अदायगी, उनके शेयर पूंजी की पुनर्अदायगी और न्यूनतम लाभांश की अदायगी तथा उधार पर सामग्रियों

और उपस्कर की आपूर्तियों के लिए अदायगी की गारंटी देती है। इन गारंटियों में सरकार की ऐसी आकस्मिक देयताओं को शामिल किया जाता है जिन्हें ऐसी गारंटियों के लाभार्थियों द्वारा कोई चूक होने की स्थिति में भारत की समेकित निधि से उन्मोचित किया जाना होता है।

वर्ष 2005-06 के दौरान, सरकार द्वारा 118,560 करोड़ रु. की अधिकतम राशि की गारंटी दी गई थी जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.32% थी। 31 मार्च, 2006 की स्थिति के अनुसार 110,626 करोड़ रु. की गारंटियां बकाया थीं। वर्ष के आरंभ में बकाया गारंटियों में 17,979 करोड़ रु. की वृद्धि हुई। वर्ष 2004-05 के दौरान वसूल किए गए 382 करोड़ रु. की तुलना में सरकार ने गारंटी शुल्क के रूप में 310 करोड़ रु. वसूल किए।

**सरकार की गारंटियां**
**(करोड़ रुपए)**

| | **विवरण** | **31 मार्च 05** | **31 मार्च 06** | **वृद्धि/कमी** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं को मूलधन और ब्याज आदि की पुनर्अदायगी के लिए गारंटियां | 38,810 | 39,298 | 488 |
| 2 | सांविधिक निगमों और वित्तीय संस्थाओं को शेयर पूंजी की पुनर्अदायगी, न्यूनतम लाभांश की अदायगी, बांडों/कर्जों आदि की पुनर्अदायगी के लिए गारंटियां | 21,453 | 23,971 | 2,518 |
| 3 | मूलधन की पुनर्अदायगी, कर्ज आदि पर ब्याज/प्रतिबद्धता प्रभारों की अदायगी और कंपनियों, निगमों, पत्तन न्यासों आदि को आपूर्ति के लिए करारों के प्रति अदायगी के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, विदेशी ऋणदाता अभिकरणों, विदेशी सरकारों आदि के साथ किए गए करारों के अनुसरण में गारंटियां | 46,743 | 46,467 | -276 |
| 4 | कंपनियों/निगमों को आपूर्तियों के लिए विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को प्राधिकार पत्रों के लिए बैंकों को प्रति गारंटियां | 903 | 873 | -30 |
| 5 | रेलवे/राज्य विद्युत बोर्डों को | - | - | - |
| 6 | विदेशों में भारतीय कंपनियों को प्रदान की गई संविदाओं/परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निष्पादन गारंटियां | 48 | 17 | -31 |
| | **कुल** | **107,957** | **110,626** | **2,669** |

## विनियोग लेखे

वर्ष 2005-06 के लिए संसद ने संघ सरकार के सिविल मंत्रालयों के लिए 98 अनुदानों के अंतर्गत 1060,167 करोड़ रु. के कुल प्रावधान को अनुमोदन प्रदान किया। इस प्रावधान को वर्ष के दौरान 463,022 करोड़ रु. के पूरक अनुदान आदि के माध्यम से बढ़ाकर 1523,189 करोड़ रु. कर दिया गया। 1523,189 करोड़ रु. का अंतिम प्रावधान पिछले वर्ष की तुलना में 540,799 करोड़ रु. (55%), अधिक था।

इस प्रावधान के अंतर्गत वर्ष के दौरान किया गया वास्तविक व्यय 1590,085 करोड़ रु. (स्वीकृत प्रावधान का 104%) था। प्रभारित अंश के अंतर्गत व्यय (1288,817 करोड़ रु.) प्रावधान से 95,678 करोड़ रु. अधिक हो गया। दूसरी ओर, स्वीकृत अंश में 28,782 करोड़ रु. की बचत हुई।

**विनियोग लेखे (सिविल) का सार**
**(करोड़ रुपए)**

| | मूल प्रावधान (1) | अंतिम प्रावधाान (2) | अंतर (3)=(2)-(1) | वास्तविक व्यय (4) | अंतर (5)=(4)-(2) |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रभारित | 767,645 | 1193,138 | 425,493 | 1288,816 | (+) 95,678 |
| स्वीकृत | 292,522 | 330,051 | 37,529 | 301,269 | (-) 28,782 |
| **कुल** | **1060,167** | **1523,189** | **463,022** | **1590,085** | **(+) 66,896** |

स्वीकृत व्यय कुल व्यय का 19% था, शेष 81% प्रभारित व्यय था।

### प्रभारित व्यय

वर्ष 2005-06 के दौरान सिविल मंत्रालयों के प्रभारित व्यय में मुख्य रूप से ऋण की पुनर्अदायगी (1115,210 करोड़ रु.), ब्याज अदायगियां (141,375 करोड़ रु.) और राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को अंतरण (30,457 करोड़ रु.) शामिल थे। ये तीनों मिलकर कुल प्रभारित व्यय का 99.86% था। विनियोग – 'ऋण की पुनर्अदायगी' में विभिन्न परिपक्वताओं के खजाना बिलों के उन्मोचन और अर्थोपाय अग्रिम पर 1035,659 करोड़ रु. की राशि शामिल है।

### अधिक व्यय

अनुदानों/विनियोगों के राजस्व/पूंजीगत भाग के अंतर्गत कुल प्रावधानों से अधिक व्यय होने के आठ मामले थे। बड़ी मात्रा में अधिक व्यय विनियोग संख्या 35-ब्याज अदायगियां, जहां राजस्व भाग के अंतर्गत प्रावधान 3343.02 करोड़ रु. अधिक हो गया और विनियोग सं. 38

–ऋण की पुनर्अदायगी के अंतर्गत हुआ, जहां पूंजीगत भाग के अंतर्गत प्रावधान 93,529.22 करोड़ रु. अधिक हो गया। अनुदान सं. 8 – उर्वरक विभाग के अंतर्गत राजस्व भाग में 167,44 करोड़ रु. का अधिक व्यय हुआ।

**समस्त प्रावधान से अधिक व्यय**
**(करोड़ रुपए)**

| क्र. सं. | अनुदान/विनियोग की सं. और नाम | अनुदान/विनियोग की राशि | | वास्तविक व्यय | | अधिक व्यय | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | राजस्व | पूंजीगत | राजस्व | पूंजीगत | राजस्व | पूंजीगत |
| 8 | उर्वरक विभाग | 19248.11 | | 19415.55 | | 167.44 | |
| 11 | खान मंत्रालय | 0.10 | | 0.12 | | 0.02 | |
| 33 | मुद्रा, सिक्का ढलाई तथा स्टाम्प | 0.55 | | 2.40 | | 1.85 | |
| 35 | विनियोग-ब्याज अदायगियां | 138031.86 | | 141374.88 | | 3343.02 | |
| 38 | विनियोग - ऋण की पुनर्अदायगी | | 1021680.84 | | 115210.06 | | 93529.22 |
| 61 | श्रम एवं रोजगार मंत्रालय | 1383.94 | | 1401.21 | | 17.27 | |
| 96 | चंडीगढ़ | | 151.83 | | 152.11 | | 0.28 |
| 99 | लक्षद्वीप | 234.09 | | 237.68 | | 3.59 | |

